हादसा | कटंगी चौराई के पास अज्ञात बाइक सवार टक्कर मारकर फरार, डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

# बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल, एक रेफर





**बीजाडांडी, नवभारत।** थाना टिकरिया और बीजाडांडी के सीमावर्ती क्षेत्र ग्राम कटंगी के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में दो युवक घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद टक्कर मारने वाला अज्ञात बाइक सवार मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही टिकरिया पुलिस की डायल 112 ने घटना स्थल पहुंची। जानकारी अनुसार सुरेश पटेल 35 वर्ष और गुलाब पटेल 28 वर्ष दोनों निवासी कुडारी उमरिया अपनी मोटरसाइकिल एमपी 51 एमएच 0499 पर सवार होकर ससुराल से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कालपी रोड पर कटंगी चौराई के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस भिड़ंत में एक युवक को अत्यंत गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दूसरे को भी शरीर के कई हिस्सों में चोट लगी है। सूचना मिलने पर डायल 112 के स्टाफ से आरक्षक रामरतन मसकरे, सुरेंद्र ठाकुर और पायलट पवन साहू तत्काल घटनास्थल पर पहुँचे। पुलिस कर्मियों ने बिना समय गंवाए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीजाडांडी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए ड्यूटी डॉक्टर ने एक घायल को बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

**पुलिस जांच में जुटी-** बीजाडांडी पुलिस ने इस मामले में अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर फरार आरोपी की तलाश कर रही है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।



# सांदीपनी विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**नारायणगंज।** नवीन व्यवसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सांदीपनी विद्यालय नारायणगंज के विद्यार्थियों ने मनेरी निवास स्थित मेगा पाइप प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उद्योग में उपयोग होने वाली आधुनिक तकनीकों और कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।

प्लांट भ्रमण के दौरान एसिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट श्री सरोज बी. गवाई, इंजीनियर रामरूप तिवारी, इंजीनियर विशाल सिन्हा, इंजीनियर रजनीश तिवारी एवं इंजीनियर गणेश कोरी द्वारा विद्यार्थियों को पाइप निर्माण प्रक्रिया का विस्तृत विवरण दिया गया। उन्होंने क्रेन संचालन, कॉइल, कॉइल राउंडिंग, पाइप वेल्डिंग, पाइप टेस्टिंग एवं पाइप कोटिंग की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका इंजीनियरों ने समाधान किया।

यह औद्योगिक भ्रमण सांदीपनी विद्यालय नारायणगंज की प्राचार्य श्रीमती अर्चना नेमा की अध्यक्षता में, व्यवसायिक शिक्षा नोडल अधिकारी श्रीमती संगीता गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा व्यवसायिक प्रशिक्षक श्री हेमंत पटेल द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

भ्रमण से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उद्योगों के प्रति रुचि विकसित हुई।

# एकजुटता से ही मिलेगी पुरानी पेंशन

▶ नारायणगंज में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ का मिलन समारोह आयोजित



**नारायणगंज।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, ब्लॉक शाखा नारायणगंज के तत्वावधान में कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में शिक्षक मिलन एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संतोष सोनी ने की।

अपने संबोधन में प्रांतीय अध्यक्ष श्री भरत पटेल ने नवनियुक्त शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि, स्थानांतरण नियमों में शिथिलता और गुरुजियों की नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पुरानी पेंशन की प्राप्ति के लिए आगामी रणनीति साझा करते हुए कहा कि जब तक हम शासन-प्रशासन को अपना संख्या बल और एकजुटता नहीं दिखाएंगे, तब तक हमारी जायज मांगों को अनदेखा किया जाता रहेगा।

**भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस-** संगठन ने शिक्षकों के स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प लेते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि कोई भी शिक्षक अपने कार्य के बदले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को रिश्वत नहीं देगा। यदि कहीं भी रिश्वत की मांग की जाती है, तो तत्काल इसकी सूचना संघ को दी जाए ताकि उचित कार्यवाही की जा सके।

**एकता ही सबसे बड़ी शक्ति-** जिला अध्यक्ष संतोष सोनी और विभिन्न विकासखंडों से आए पदाधिकारियों ने भी शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि शिक्षकों का शोषण तभी रुक सकता है जब वे संगठित होकर अपनी आवाज उठाएंगे। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। समारोह में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए सैकड़ों शिक्षक और संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया।

## सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा

**उमरिया।** जिले मानपुर जनपद के ग्राम पड़वार में खसरा क्रमांक 681/1 की सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे से ग्रामीण परेशान हैं। यह भूमि पशु औषधालय, हाट बाजार, मेला ग्राउंड, श्मशान और अस्पताल के लिए आरक्षित है। गांव के सक्षम और राजनीतिक लोग इस भूमि पर अतिक्रमण कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर, तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी और कलेक्टर को लिखित रूप से कई बार अवगत कराया है। हालांकि, अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रशासन के आदेशों की अवहेलना कर अतिक्रमणकारी लगातार निर्माण कार्य कर रहे हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि हल्का पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी की मिलीभगत से यह अतिक्रमण कराया जा रहा है। सामुदायिक भवन की योजना में बाधा-ग्राम पंचायत पड़वार को हाल ही में एक सामुदायिक भवन की स्वीकृति मिली थी।

# 108 एम्बुलेंस की लेट-लतीफी पर सीईओ ने जताई नाराजगी

▶ समीक्षा बैठक में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दिए निर्देश



**बीजाडांडी, नवभारत।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीजाडांडी में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा मरकाम और जनपद उपाध्यक्ष विजेन्द्र यादव उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन बीएमओ डॉ. अभयकीर्ती गजभिये और सीबीएमओ डॉ. अजयतोष मरावी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें अस्पताल के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक के दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति जाँची गई। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा मरकाम ने 108 एम्बुलेंस के समय पर उपलब्ध न होने पर कड़ा रुख अपनाते हुए नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को केवल अति आवश्यकता होने पर ही उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया जाए। इसके साथ ही, अस्पताल की रात्रि कालीन सेवाओं में और अधिक सुधार करने के निर्देश दिए गए जिससे ग्रामीणों को समय पर उपचार मिल सके।

### स्टाफ का व्यवहार व बुनियादी सुविधाओं पर की चर्चा

बैठक में स्टाफ को मरीजों के साथ सौहार्द्रपूर्ण और मानवीय व्यवहार करने की नसीहत दी गई। बुनियादी सुविधाओं को लेकर चर्चा करते हुए संस्था में कार्यरत चिकित्सकों के लिए शासकीय आवास निर्माण की कार्यवाही शुरू करने और अस्पताल में एक नियमित एम्बुलेंस स्थायी रूप से रखने के निर्देश दिए गए।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

आयोजित समीक्षा बैठक में बीपीएम तपन गजभिये, बीईई श्रीमती सुहागा झारिया, बीसीएम राहुल चंद्रोल, सुपरवाइजर कमलेश मरावी, राकेश विश्वकर्मा, बलराम कोल, लैब टेक्नीशियन अनिल झारिया, फार्मासिस्ट नितिन साहू और लेखापाल प्रदीप साहू, कीर्ति भलावी, संजीता मरीवा लेब टेक्नीशियन, सांईस हाउस सहित स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

# निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलमुक्त परीक्षा कराने के निर्देश

**डिण्डौरी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के सफल, सुव्यवस्थित एवं निष्पक्ष संचालन को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट परिसर स्थित ऑडिटोरियम में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक, कलेक्टर प्रतिनिधि, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुमन परस्ते, डीपीसी श्वेता अग्रवाल सहित जिले के समस्त प्राचार्य, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता एवं सुव्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त प्रकाश व बैठक व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को लेकर दिए सख्त निर्देश-** उन्होंने प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर ने सख्त दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रश्नपत्रों की निकासी निर्धारित समय पर ही संबंधित थाना/चौकी से की जाए। प्रश्नपत्र निकालने की प्रक्रिया केन्द्राध्यक्ष अथवा सहायक केन्द्राध्यक्ष द्वारा थाना प्रभारी एवं कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्ति तक केन्द्र से 100 गज की परिधि में अनाधिकृत व्यक्तियों एवं अवांछनीय गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने छात्राओं की तलाशी केवल महिला शिक्षिकाओं द्वारा कराने के निर्देश भी दिए गए।

# जादू-टोने के शक में महिला की हत्या करने वाला गिरफ्तार

▶ सहजपुरी हत्याकांड का खुलासा, बिछिया पुलिस ने आरोपी दीपक यादव को दबोचा



**भुआबिछिया।** थाना बिछिया के अंतर्गत ग्राम सहजपुरी में हुई एक महिला की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने न केवल वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद किया, बल्कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि घटना 1 फरवरी को सुबह करीब 7 बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम सहजपुरी में एक युवक ने घर में घुसकर महिला पर कुल्हाड़ी से हमला किया है। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची और घायल महिला फूलकली करलिया 45 वर्ष को शासकीय अस्पताल बिछिया ले गई, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**अंधविश्वास बना हत्या की वजह-** पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी दीपक यादव (18 वर्ष) ने अपना जुर्म कबूल कर बताया कि उसे मृतका पर जादू-टोना करने का शक था। इसी संदेह के चलते उसने आवेश में आकर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर महिला की हत्या कर दी।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका-** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित टीम ने त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इस सफल कार्यवाही में निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम, उप निरीक्षक प्रवीण मालवीय, सउनि सुरेश विजयवार, प्र.आर. अजीत परते, आरक्षक अमृत, नानसाय मरावी, भीकम और गजरूप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# धर्म के साथ सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर दिया जोर

▶ नारायणगंज के हिन्दू सम्मेलन में संतों ने दिया एकता और धर्म का संदेश

**नारायणगंज।** मंडल नारायणगंज में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, जहाँ संतों के प्रवचनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत अधिकारी संत सूरज नारायण और साधु महात्मा सच्चिदानंद महाराज उपस्थित रहे। संतों ने अपने संबोधन में सामाजिक समरसता, धर्म के मार्ग पर चलने और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर जोर दिया।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के वरिष्ठ जन और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें निर्मला परमार, अखिलेश पाठक, पूरन दास, कुम्भेश्वर महाराज, पदमी महाराज, मनोज मिश्रा और रतन ठाकुर जैसे गणमान्य नागरिक शामिल थे। इसके साथ ही नारायणगंज जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया, अभय साहू और सुशांत सहित बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने धर्म रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# ओडिशा से राजस्थान तक फैली गांजा सप्लाई चेन ध्वस्त

▶ 20 लाख का माल किया जप्त, सप्लायर और खरीददार समेत 5 गिरफ्तार



**अंजनिया।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत बम्हनी पुलिस और अंजनिया चौकी टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गांजा तस्करी की एक संगठित सप्लाई चेन को तोड़ते हुए सप्लायर, खरीददार और परिवहन में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कार्यवाही की शुरुआत 25 जनवरी को हुई, जब पुलिस ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर मटरू ढाबा के पास एक ट्रक से 40 किलो 38 ग्राम अवैध गांजा जप्त किया। बरामद नशीले पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। मामले में ट्रक चालक राजेन्द्र के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### ओडिशा से राजस्थान तक दबिश

आरोपी चालक से पूछताछ के बाद पुलिस की विशेष टीमों ने राजस्थान के बारा, झालावाड़ और कोटा में छापेमारी कर ट्रक कंडक्टर और खरीददारों सहित 4 लोगों को हिरासत में लिया। जांच का दायरा बढ़ाते हुए पुलिस की टीम ओडिशा के बरगढ़ पहुँची, जहाँ से मुख्य गांजा सप्लायर को गिरफ्तार किया गया। यह सप्लायर पूर्व में भी तस्करी के कई मामलों में शामिल रहा है।

### नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में आरोपियों से सघन पूछताछ जारी है। पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरोह के जरिए क्षेत्र में सक्रिय गांजा सप्लाई नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुँचा जा सकेगा। इस पूरी कार्यवाही में निरीक्षक केसी चौव्हान, उनि प्रवीण शर्मा, उनि अरुण भदौरिया, उनि पुनीत वाजपेई, सउनि राजेश सराठे सहित आरक्षक रोहित, कीर्ति, सुनील, सुरेश और सूर्यचंद बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

हौसला | दादा-दादी की बनी लाठी, रोजाना तय कर रही 20 किमी का सफर, कक्षा 4 की छात्रा का हौसला देख दंग रह गए परिक्रमावासी

# 9 साल की नन्हीं भूमिका नंगे पैर कर रही नर्मदा परिक्रमा




**निवास।** मां नर्मदा की कठिन परिक्रमा के मार्ग में भक्ति के कई रंग देखने को मिलते हैं, लेकिन निवास विकासखंड के परिक्रमा मार्ग ग्राम गुंदलई पर जब एक 9 साल की नन्हीं बच्ची हाथ में कमंडल लिए नंगे पैर नर्मदे हर का घोष करते हुए गुजरी, तो हर कोई नतमस्तक हो गया। यह कहानी है खरगोन जिले के पीपलझर तहसील बड़वाह की रहने वाली भूमिका मुकाती की। जिस उम्र में बच्चे खेल-कूद और खिलौनों में रमे रहते हैं, उस उम्र में भूमिका अध्यात्म के पथ पर अपने नन्हे कदमों से इतिहास लिख रही है। भूमिका ने साबित कर दिया है कि जब मन में मां नर्मदा के प्रति अटूट प्रेम हो, तो उम्र और रास्ते की मुश्किलें मायने नहीं रखतीं।

जानकारी अनुसार भूमिका मुकाती जिनके पिता महेश मुकाती हैं, जो कक्षा चौथी की छात्रा है। जिस उम्र में बच्चे खेल-कूद की दुनिया में मगन रहते हैं, उस उम्र में भूमिका ने एक संन्यासी की भांति जीवन को अपनाया है। वह अपने दादा कड़वाजी मुकाती 65 वर्ष और दादी सक्को बाई 62 वर्ष के साथ माँ नर्मदा की परिक्रमा कर रही है। बताया गया कि कड़वाजी की यह तीसरी और दादी की दूसरी नर्मदा परिक्रमा है, लेकिन भूमिका के लिए यह पहला और जीवन बदलने वाला अनुभव है।

### जिद से शुरू हुआ भक्ति का सफर

भूमिका के परिवार में छह बहनें और एक छोटा भाई है। दादा, दादी के साथ समय बिताने के कारण भूमिका का झुकाव बचपन से ही पूजा-पाठ और आरती-भजन की ओर रहा है। जब दादा-दादी ने 4 दिसंबर को ओंकारेश्वर से नर्मदा परिक्रमा उठाने की तैयारी की, तो भूमिका ने भी साथ जाने की जिद पकड़ ली। दादा-दादी ने भूमिका को रास्ते की कठिनाइयों और शारीरिक थकान का हवाला देते हुए उसे बहुत समझाया, लेकिन भूमिका की बाल हठ के आगे उन्हें झुकना पड़ा।

### दादा-दादी का सहारा बनी नन्हीं नातिन

नर्मदा परिक्रमा के दौरान यह नन्हीं बिटिया अपने बुजुर्ग दादा-दादी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। उसके दादा कड़वाजी भावुक होकर बताते हैं कि वे प्रतिदिन लगभग 20 किलोमीटर पैदल चलते हैं। उम्र के इस पड़ाव पर दादा-दादी तो बीच-बीच में थककर रुक जाते हैं, लेकिन भूमिका के चेहरे पर थकान का नामोनिशान नहीं होता। दादा कहते हैं कि हम तो बूढ़े हैं, सांस फूल जाती है, पर हमारी नातिन नहीं थकती। वह हमसे आगे दौड़ती हुई निकल जाती है और हमारा उत्साह बढ़ाती है। इस यात्रा में वह हमारी लाठी बन गई है। कड़कड़ाती ठंड में सुबह का बर्फीला स्नान और फिर पथरीले रास्तों पर नंगे पैर चलना, भूमिका की दिनचर्या बन गई है। हाथ में छोटा सा कमंडल और माथे पर तिलक लगाए यह नन्हीं परिक्रमावासी फिलहाल अमरकंटक की ओर बढ़ रही है। उसे देखने वाले ग्रामीण और अन्य परिक्रमा वासी उसकी अटूट श्रद्धा को देखकर दंग हैं।